अकादमी एक दशक

प्रस्तुतकर्त्ता डॉ हरीश
निदेशक

प्रकाशन : १९६८

प्रकाशक :
राजस्थान साहित्य अकादमी (संगम)
उदयपुर

मुद्रक :
जॉब प्रिंटिंग प्रेस,
ब्रह्मपुरी,
अजमेर।

आमुख

राजस्थान साहित्य अकादमी (सगम) अपना एक जीवन-काल पूर्ण कर चुकी है। प्रान्त के लब्धप्रतिष्ठित एव नव प्रतिभावान् साहित्यकारों का इस स्नेह सहयोग एव सजीव साहचर्य जितने उत्साह से अबतक मिला है भविष्य में उससे भी अधिक उत्साह और योग इस संस्था को सतत् मिलता रहेगा यह मेरी आशामयी कामना है।

प्रदेश के साहित्यकारों का यह संस्थान पूर्ण स्वायत्त स्वरूप प्राप्त कर इसके लिए प्रयत्न हो रहा है कि सरकार को तथ्य प्रेरित किया जाय और एक विधेयक के रूप में इसकी स्वायत्तता को प्रतिष्ठा मिले।

अकादमी के प्रकाशनों पुरस्कारों साहित्यिक एव वैचारिक गोष्ठियों एव पत्रिकाओं के विविधागी कार्यक्रमों ने राजस्थान के देश के अन्य प्रान्तों में साहित्यिक बन्धुत्व को भी बढ़ावा दिया है उसका विकास साहित्यकारों के विश्वास व सहयोग के साथ सदैव अग्रसर रहे इस शुभाशंसा सहित 'अकादमी एक दशक' की यह पुस्तिका आपके समक्ष प्रस्तुत है।

हरिभाऊ उपाध्याय
अध्यक्ष
राजस्थान साहित्य अकादमी (सगम) उदयपुर

दो शब्द

राज्य सरकार ने राजस्थान साहित्य अकादमी (सगम) की स्थापना २८ जनवरी सन् १९५८ मे की। राज्य के मुख्यमत्री माननीय श्री मोहनलालजी सुखाडिया के सद्प्रयत्नो ने इस अकादमी को जन्म दिया है। अकादमी के प्रथम सस्थापक-अध्यक्ष श्री जनार्दनराय नागर थे, जिनके भगीरथ प्रयत्नो से राजस्थान साहित्य अकादमी ने अपनी प्रगति-यात्रा की है। अकादमी के वर्तमान अध्यक्ष, मनीषी श्री हरिभाऊ उपाध्याय के नेतृत्व मे अकादमी ने इस प्रगति यात्रा के १० वर्ष पूरे किए हैं। यह दशाब्दि समारोह उसी प्रगति का प्रतीक है। अपने स्थापना दिवस से लेकर आज तक अकादमी ने अपनी जिन प्रमुख प्रवृत्तियों का विकास विस्तार किया है उस समस्त प्रगति का सक्षिप्त इतिहास इस छोटी-सी पुस्तिका—'अकादमी एक दशक' के छह खडो मे प्रस्तुत किया गया है।

हमे विश्वास है 'अकादमी एक दशक', आपकी साहित्य अकादमी मे उद्भव विकास एव कार्य प्रवृत्तियाँ सम्बन्धी सभी जिज्ञासाओ का यथाशक्य शमन करेगा और आपको इसके कार्यों से परितोष होगा। इसी आशा के साथ 'अकादमी एक दशक' आपके समक्ष प्रस्तुत है।

२५ फरवरी, १९६८
साहित्य अकादमी (सगम)
कार्यालय
उदयपुर (राज)

विनीत
डॉ० हरीश
निदेशक

संकल्प का जन्म

श्री मोहनलाल बागवार्ना के निवास पर उदयपुर मे राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री मोहनलाल सुखाडिया को भोज दिया गया। श्री सुखाड़ियाजी के मित्र और साथी श्री जनार्दनराय नागर (तब एम. एल. ए. कांग्रेस) भी उनके साथ निमन्त्रित थे। बातो ही बातो मे श्री नागर ने श्री सुखाड़ियाजी से कहा, "आप मुख्यमंत्री हो गये, आपने सब को कुछ न कुछ दिया है, मुझे आपने कुछ भी तो नही दिया।" श्री सुखाडिया ने हठात् मुस्करा कर कहा, "क्यो ? विद्यापीठ की एड है न।" श्री नागर ने मुलक कर उत्तर दिया, "विद्यापीठ की एड तो पहले से ही है, पर क्या वह मुझे दी जाती है ? नही। मुझे व्यक्तिगत आपने भला क्या दिया है ?" श्री सुखाडियाजी ने कहा "अच्छा, तो क्या चाहते हो ?" श्री नागर ने कहा, "माँग लूँ ? देखिये देने वाले आप, राजस्थान के युवक मुख्यमंत्री और मांगने वाला मैं, आपका एक विनम्र मित्र अत. आपके और मेरे योग्य आपको देना होगा। स्वीकार है ?" श्री सुखाडियाजी पुनः मुस्कराये, "हाँ मांगलो, जनुभाई।" श्री नागर ने तनिक हँसकर कहा, "निश्चिन्त हो जाइये, सुखाडियाजी आपके राज्य और उसके वैभव मे हिस्सा नही मांगूंगा। ऐसा कुछ मांगूंगा, जो आप राजस्थान को दिल खोलकर दे सके।" श्री सुखाड़िया ने स्वीकार मे गर्दन हिलाई। श्री नागर ने मांगा "राजस्थान के साहित्यकारो के लिये ऐसी अकादमी मुझे दें जिससे राजस्थान की अस्मिता और चेतना से पूर्ण सृजन-प्रतिभा व्यक्त और विकसित हो सके। ऐसी अकादमी, जो भारत भर मे एक और अनूठी हो।" श्री सुखाडियाजी ने मुस्कराकर कहा, "ऐसी ही अकादमी हो।" मानो तथास्तु। श्री नागर ने शान्त गंभीर स्वर मे कहा, १७ वर्षों से मैं इस प्रयास मे लगा हूँ कि राजस्थान के साहित्यकारो का संगठित परिवार हो। कई मुख्यमन्त्रियो के द्वार यह पुकार लेकर गया हूँ। आपने आज मेरी यह पुकार सुनी। अब आदेश दीजिये कि राजस्थान साहित्य अकादमी (संगम), उदयपुर की योजना बनाकर मैं आपकी सरकार की स्वीकृति के लिये प्रस्तुत करूँ।"

यो यह राजस्थान साहित्य अकादमी (संगम), उदयपुर के संकल्प का जन्म हुआ।

(श्री जनार्दनराय नागर की लेखनी से)

प्रथम खण्ड

स्थापन-सगठन एव प्रवृत्तियाँ

राजस्थान साहित्य अकादमी (सगम),उदयपुर

महामना बापू ने एक बार कहा था कि "राष्ट्रीय आन्दोलन को सफल बनाने मे चित्तौड और भगवद्गीता ने प्रेरणा शक्ति के रूप म योग दिया है।" गांधीजी के इस कथ्य मे राजस्थान मुखर हुआ है। राजस्थान जो वीर प्रसविनी वसुंधरा के सार्वभौमिक म्वत्व से अभिमडित है, उसका इतिहास स्याही से नही लिखा जा सका, रक्त से लिखा गया है। यहाँ की सुबहे मलयजी और शामे गजनमी है। यहाँ के मौन सन्नाटे और चुप्पियां जाने कितने लोम-हर्षक इतिहास अपने मे समेटे हैं। अत्यन्त मुक्तता से चलने वाली हवाओ, मरुस्थली ऊर्मसिक्तता के तूफानो, डाँग-डूँगरो के फौलादी रास्तो और कटीली तथा टवडखाती झीलो के सौदर्य के मादय मे जा डूबे है, वे जानते है कि राजस्थान का भारत की सस्कृति के निर्माण मे कितना सशक्त हाथ रहा है। यहाँ का एक-एक कण जीवन के शाश्वत सत्यो का उदघाटक है। बात का धनी, और आन के लिए मृत्यु से मुस्करा कर टक्कर खेलने वाला राजस्थान गौरव और जीवट की गाँठ बाँध कर चला है। शौर्य, कला और सौदर्य की त्रिवेणी! नर ऐसे कि जसे नाहर, नारियां ऐसी कि जैसे कि आग की कलियाँ। कठोर ऐसा कि वज्रादपि और कोमल ऐसा कि छूलो तो हिया भर आये, आँखें छलछला आएँ। यहाँ की सरस्वती का चिन्ह निश्चय ही कुछ दूसरा होगा।

विद्वान् कहते हैं कि ज्ञान और सजन की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती यही निवास करती थी। इसकी सृजननिधि अनत है। शताब्दियो से इसकी ऊर्जा, गौरव, स्वाभिमान और माधुर्य के आख्यान हवा की भाति देहरी-देहरी पर विचरण करते हैं। अत ऐसे राजस्थान मे युगो से हम इस अभाव की अनुभूति कर रहे थे, कि ऐसे नैसर्गिक और जीवटपूर्ण धरती के साहित्य को उजागर करने के लिए हम कुछ कर पाते, इसके साहित्यिक गौरव को अधिकाधिक मुखर एव रूपायित कर पाते।

सन् १९५८ की २८ जनवरी की संध्या। लोगो ने विस्मय एवं उत्साह से श्रद्धेय डा० कैलाशनाथ काटजू के प्रवचन मे एक संदेश की अनुगूंज सुनी—

"जिस तरह मीरां के गीत देश-व्यापी हुए, उसी प्रकार आपकी अकादमी की सुगन्ध जन-जन तक पहुँचने में समर्थ हो,"...... भारतीय स्वतंत्रता-संग्राम के अजेय योद्धा, कुशल प्रशासक एवं विधिवेत्ता डा० कैलाशनाथ काटजू (अब स्वर्गीय) की इस प्रेरणामयी वाणी के साथ २८ जनवरी सन् १९५८ ई० के दिन राजस्थान मे राजस्थान साहित्य अकादमी (संगम) की स्थापना हुई। और सांस्कृतिक और साहित्यिक पुनर्निर्माण एवं विकास के महत् संकल्प ने अपना अस्तित्व ग्रहण किया। .... चिरंतन सुखो की स्मृतियो के दर्शन हम साहित्यकारो के आँसुओ में करते हैं और उसकी कराहट मे हम वर्तमान की समर्थ प्रसव-पीडाओ को समाप्त करते है। उसकी अपलक पलकों मे आने वाले चैतन्य और कल्याण और सन्तोष के युगो का हमे आभास हो जाता है। महियसी पृथ्वी का क्रान्तदर्शी पत्र, मधुमती भूमिका का धनी साहित्यकार, सभ्यता के जीवन-सौंदर्य और उदार प्रेम का सदैव सन्देशवाहक रहा है और 'यावच्चन्द्र दिवाकरो' वह ऐसा ही रहेगा। यदि किसी ने वसुन्धरा पर सुधा को सुलभ किया है, तो वह साहित्यकार ने ही किया है। फिर भले ही वह कवि हो, नाटककार हो, कहानी लेखक, उपन्यासकार या गद्य-लेखक हो। इन्ही स्वस्थ संकल्पो को लेकर साहित्य अकादमी के सदस्यो और परिजनो द्वारा हम ऐसे ही पृथ्वी के अमृत-सन्देश की उपासना मे लग जावे।' 'राजस्थान साहित्य अकादमी के प्रथम अध्यक्ष प० जनार्दनराय नागर के इस ऊर्जस्वित आह्वान के साथ प्रवृत्तमान, राजस्थान-प्रदेश का यह साहित्यिक प्रतिष्ठान आज अपने एक दशक के गतिमय विगत की मधुरिम स्मृतियो के साथ अपनी अस्मिता और विकासमान प्रगति एव परम्परा को सगर्व, सहर्ष स्मरण कर राजस्थान के चेतनाशील सर्जको के सम्मुख उनके योग व सहयोग

से अपना क्षितिज विस्तार कर पाने का सामर्थ्य जुटा रहा है। ऐसे प्रतिष्ठान की प्रतिस्थापना में श्री नागर का यह संदेश अविस्मरणीय कहा जायगा।

इस अवसर पर औपचारिकतावश नहीं, बल्कि कर्तव्य-भावना सहित हम राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री श्री मोहनलाल सुखाडिया की इस प्रादेशिक साहित्य संगठन के स्थापना की साह-सिक पहल व साहित्यानुराग का कृतज्ञतापूर्ण स्मरण करते हैं जिन्होंने राज्य की तीनों अकादमियों—साहित्य, संगीत और ललित कला को व्यक्तित्व प्रदान करने में अपना विशिष्ट योग दिया है।

राजस्थान की महिमामयी पुण्य-श्लोक धरती के उन सभी दिवंगत सरस्वती पुत्रों को भी यह संस्था सादर स्मरण कर रही है, जिनका सक्रिय सहयोग इसके अभ्युत्थान हेतु प्राप्त हुआ। अकादमी के सभी निर्माणकारी तत्वों के प्रति आभार प्रदर्शन कर हम यहाँ उसके आकार प्रकार की बहुमुखी जानकारी आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। सर्वप्रथम हम साहित्य अकादमी के आमुख विधान से ही विषय प्रवेश कर रहे हैं।

राजस्थान साहित्य अकादमी स्थापना तिथि २८ जनवरी सन् १९५८ से सन् १९६२ तक सरकारी स्वरूप में अपना कार्य करती रही। सन् १९६२ के बाद यह राज्य सरकार द्वारा स्वायत्त घोषित करदी गई। स्वायत्त होने के बाद इस संस्था ने अपना जनतांत्रिक स्वरूप ग्रहण कर अपना स्वायत्त विधान पारित किया जो १५ धाराओं में समाविष्ट है। इनका सहज बोध आपको अग्रांकित तथ्यों से हो सकेगा

अकादमी के अधिकार एवं कार्यक्षेत्र

१—राजस्थान में साहित्यधारा में सहकार भावना का उन्नयन।

२—सविधान द्वारा स्वीकृत क्षेत्रीय भाषाओं के अनुवाद-कार्य का प्रोत्साहित एवं व्यवस्थित करना। राजस्थानी भाषा से हिन्दी व अन्य भाषाओं में अनुवाद-कार्य।

३—साहित्यिक संस्थाओं एवं साहित्यिकों की सहायता।

४—श्रेष्ठतम साहित्यिक कृतियो, जिनमे ग्रन्थ-सूचियाँ, शब्द-कोश, ज्ञान-ग्रन्थ एवं मूलभूत शब्दावलियाँ भी सम्मिलित है, का प्रकाशन अथवा तदर्थ साहित्यिक सस्थाओ तथा साहित्यिको को सहायता।

५—राजस्थान मे साहित्यिक परिषदो, उपनिषदो, विचार-गोष्ठियो, साहित्यिक रचना-शिविरो, कवि-सम्मेलनो तथा प्रदर्शनियो का आयोजन।

६—साहित्यकारो की सर्वश्रेष्ठ कृतियो को पुरस्कृत करना एव साहित्यिको को विशेष सम्मान व मान्यता प्रदान करना।

७—साहित्यिक शोध-कर्मिक को शोध-कार्य प्रशिक्षणहेतु प्रवृत करना व साहित्यिक शोध-कार्यो के लिये शोध-वृत्तियाँ प्रदान करना।

८—मानक ग्रन्थो व पत्र-पत्रिकाओ के प्रकाशन को प्रोत्साहन।

९—शोध-खण्ड सहित एक पुस्तकालय की स्थापना।

१०—जन-संस्थानो एवं स्वायत्त निगमो, सरकारी व अर्द्ध-सरकारी सस्थाओ एवं साहित्य-प्रेमियो से दान, अनुदान, सहायता तथा भेट ग्रहण एव प्राप्ति।

११—अकादमी के उद्देश्यो की प्रति-पूर्तिहेतु सभी प्रकार की भू-सम्पत्ति एव भूमि का क्रय, सरक्षण, विक्रय, रहन एव विस्तारण करना, (किन्तु पाँच हजार रुपये से ऊपर की अचल सम्पत्ति के सौदे लिये सरकार की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी)।

१२—अकादमी के उद्देश्यो के पूर्ति के अनुरूप अन्य कार्यो को गतिमय करना।

मूलभूत सिद्धान्त :

१—विचार एव वाणी की स्वतत्रता।

२—गत्यात्म राष्ट्रीय भावना की जागरूकता।

३—राजनीतिक, साम्प्रदायिक एव दलो से असम्पृक्तता।

अकादमी के अधिकारी

१–अध्यक्ष [सरकार द्वारा मनोनीत]

२–कोषाध्यक्ष [सरस्वती सभा के निर्वाचन द्वारा नियुक्त]

३–निदेशक [सरकार द्वारा नियुक्त]

अकादमी के विभाग

१–सृजनात्मक विभाग

२–शोध एवं अनुसंधान विभाग

३–राजस्थानी भाषा एवं साहित्य विभाग

४–समालोचना एवं सर्वेक्षण विभाग

५–साहित्य सम्बन्धी विभाग।

अकादमी के अधिकृत एवं विधायक घटक

१–सरस्वती सभा

२–संचालिका समिति

३–अर्थ-समिति

४–स्थायी समितियां

[क] विधान उप समिति

[ख] प्रकाशन समन्वय समिति

[ग] मधुमती' परामर्शदात्री समिति

[घ] 'नखलिस्तान' एवं उर्दू प्रकाशन परामर्शदात्री समिति

[च] नियुक्ति-वियुक्ति उप समिति

अकादमी का कोष-वर्ग

१–सरकारी अनुदान

२–गृहीत ऋण

३–अकादमी की सम्पत्ति से प्राप्त आय।

४–शुल्क, दान, विशेष सहायता एवं भेंट।

राज्य सरकार का अधिकार क्षेत्र

राज्य सरकार अकादमी का किसी भी कार्य की क्रियान्विति व पूर्ति के लिए सम्बोधित कर सकती है।

अकादमी का अधिक्रमण :

(अ) यदि कभी भी राज्य सरकार इस बात से सन्तुष्ट हो जाय कि अकादमी अपने विधान में प्रदत्त कर्त्तव्यों के परिपालन मे अयोग्य सिद्ध हो रही है, इसका अतिक्रमण हो रहा है। लगातार दोप वढ रहे है एव अधिकारो का दुरुपयोग हो रहा है तो ऐसी सूरत मे सरकार १ वर्प की अवधि के लिये राज-पत्र मे सूचना प्रसारित कर एक प्रशासक को अकादमी का कार्य एव व्यवस्था सभालने के लिये नियुक्त कर अकादमी को अधिक्रमित कर सकती है। लेकिन अधिक्रमण की यह अवधि एक वर्प की ही होगी। इस अवधि के समाप्त होने से पूर्व ही सरकार इसका पुनर्गठन करेगी।

(व) अधिक्रमण-अवधि मे अकादमी के सभी विधायक घटक, विभाग एवं समितियाँ भग समझी जायेगी। अकादमी के सभी सदस्य ऐसी सूरत मे भले वे निर्वाचित हो अथवा मनोनीत अपने पदो व स्थानो से मुक्त माने जायेगे।

विशेष :

१—सरस्वती सभा अपने किसी निर्णय के जो नीति व सिद्धान्त के प्रतिकूल हो, पुनर्समीक्षित व अपरिवर्तित कर सकती है।

२—बशर्ते कि सरकार अनुमोदित करे, अकादमी अपने सेवा-नियमो व उप-नियमो का निर्माण कार्यालयीय कर्मचारियो व अधिकारियो के लिये अकादमी के कार्यालयीय कार्य-सम्पादन-हेतु निर्माण कर सकती है।

३—सरस्वती सभा अपने सदस्यो के तीन-चौथाई बहुमत के प्रस्ताव से सविधान मे सशोधन प्रस्तावित करेगी। तदुपरान्त राज्य सरकार प्रस्ताव का अध्ययन कर सविधान मे संशोधन करेगी।

४—सरस्वती सभा की २३ व २४ अप्रेल ६६ की बैठक मे

सव-सम्मति से स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार तथा राज्य सरकार के आदेश

संख्या एफ, १ (२) शेज्यु । ४ । ६६ से स्वीकृत हुआ परिवर्द्धन—

(क) धारा १३ ए (७)—अकादमी का निवृत्तमान अध्यक्ष अगले सत्र के लिये सरस्वती सभा का पदेन सदस्य होगा।

(ख) धारा १६ (६)—अकादमी का निवृतमान अध्यक्ष अगले सत्र की सञ्चालिका समिति का पदेन सदस्य होगा।

अकादमी की मुख्य प्रवृत्तियाँ

१ संस्कृत, हिन्दी, राजस्थानी, तथा उर्दू भाषाओं के श्रेष्ठ साहित्यिक एवं मौलिक ग्रन्थों, संकलनों, शोध प्रबन्धों, अनुवादों का प्रकाशन।

२ स्वतन्त्र एवं सहयोगी लेखकों की कृतियों पर प्रकाशन सहायता।

३ पत्र पत्रिकाओं को आर्थिक सहायता।

४ जरूरतमन्द साहित्यकारों को केन्द्रीय, संरक्षित, सक्रिय तथा चिकित्सा आदि विशेष आर्थिक सहायता।

५ सम्बद्ध संस्थाओं को आर्थिक सहायता।

६ हिन्दी, राजस्थानी, संस्कृत एवं उर्दू भाषाओं के साहित्य संवर्द्धन हेतु परिसंवादों, गोष्ठियों, उपनिषदों आदि का आयोजन।

७ अन्तर्प्रान्तीय साहित्य सौहार्द-हेतु साहित्यकार बन्धुत्व भावना के अन्तर्गत अन्तर्प्रान्तीय साहित्यिक शिष्ट मण्डल, यात्रा एवं बन्धुत्व समारोह के आयोजन।

८ देश व प्रदेश के मूर्धन्य साहित्यकारों को मनीषी पद से विभूषित करना।

९. प्रदेश के साहित्यकारो से निर्णीत विधाओं पर पुस्तके आमंत्रित करना व चारो भागाओ की श्रेष्ठ कृतियों को पुरस्कृत करना।

१०. अखिल भारतीय स्तर पर "मीरा-पुरस्कार"।

११. अन्तर्प्रान्तीय साहित्य पुरस्कार यथा "मेघाणी पुरस्कार"।

१२. साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओ एव विवरणों का प्रकाशन।

१३. विश्वविद्यालवीय स्तर पर छात्र-प्रतियोगिताएँ।

१४. कवि-सम्मेलनो, साहित्यिक प्रदर्शनियों एवं आगन्तुक विशिष्ट साहित्यकारो तथा देश-विदेश के शिष्ट-मण्डलो आदि के स्वागत समारोह।

१५ साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओ एव विवरणो का प्रकाशन।

१६ सरकारी, गैर-सरकारी, स्वायत्त संगठनो, सम्बद्ध व असम्बद्ध साहित्यिक संस्थाओ व साहित्यकारो को प्रान्त की साहित्यिक सूचनाएँ व संदर्भ प्रदान करना।

१७. पुस्तकालय, वाचनालय एव सन्दर्भ कक्ष का संचालन।

१८ विभागो द्वारा निर्णीत प्रोजेक्ट कार्यो को गतिमय करना।

राज्य सरकार द्वारा अकादमी के स्वीकृत नियम

(स्वायत्तता पूर्व)

(अ) १) सेमीनार सिम्पोजियम नियम

२) प्रकाशन नियम

३) रिसर्च स्कॉलरशिप नियम

४) मीरॉ पुरस्कार नियम

५) अकादमी पुरस्कार नियम

६) पुरस्कार समिति नियम

७) संस्था सम्वद्धीकरण नियम

८) प्रतियोगिता नियम

९) विवेचन पारिश्रमिक नियम

१०) वृत्ति नियम

वीकृत सशोधित एव परिवर्द्धित नियम (स्वायत्तता के बाद)

(ब) स्वायत्त सस्था होने के बाद जो सशोधन अथवा परिवर्द्धन किया गया—

१) सेमीनार नियम

२) प्रकाशन सम्बन्धी नियम

३) रिसर्च स्कॉलरशिप नियम

४) पुस्तकालय के नियम

५) वृत्ति नियम

६) साहित्य-वेत्ता (फेलो) नियम

अकादमी से सम्बद्ध संस्थायें–रूप और रेखा

अकादमी के जनतान्त्रिक स्वरूप की प्रतीक है, प्रांत की एकादश साहित्यक सस्थायें। प्रदेश में साहित्यिक जागृति, विकास एवं सर्जकीय प्रतिष्ठा के क्षेत्र मे अकादमी से सम्बद्ध संस्थाओ ने स्वतंत्र रूप से व अकादमी के सहयोग से गत दशक मे जो प्रगति की है, उसका श्रेय इन सस्थाओ के कार्यकर्त्ताओ व सर्जको की कार्य-निष्ठा को है। उपलब्धियाँ गिनाने के लिए नही, वल्कि अकादमी व इन सम्बद्ध सस्थाओ द्वारा आयोजित विद्वद्-परिषदो, उपनिषदो, जयन्तियो, सम्मान-समारोहों एवं क्षेत्रीय व प्रादेशिक स्तर पर हुए साहित्यिक कार्यक्रमो के व्यापक प्रभाव को हम नकार नही सकते। आधुनिक काव्य, समसामयिकता एवं आधुनिकता विषयक बीकानेर व अजमेर के उपनिषदो ने प्रात मे नव-बोध के धुँधले क्षितिज को उजालाने मे एवं लेखको को चिन्तन की नई-नई दिशाओ मे गतिशील करने हेतु साहित्यिक एवं मैत्री की स्थापना मे असाधारण योग दिया है। अकादमी से सम्बद्ध संस्थाओ के साथ आयोजित उपनिषदो का विस्तृत आकलन एवं मूल्याकन अकादमी की मुख-पत्रिका मधुमती (त्रैमासिक) के विशेषांको, साहित्य के मान और मूल्य जैसे ग्रन्थों से सहज आँका जा सकता है। इस संस्थान से सम्बद्ध कई संस्थाये साहित्य एवं शोध के क्षेत्र अपने निजी-प्रकाशन व पत्र-पत्रिकाओं का नियमन भी करती हैं जिन्हे अकादमी यथाशक्य एवं यथानीतिनियम सहायता भी देती है। फिर भी यह मानना होगा कि देश-विदेश के वदलते हुए परिवेश मे प्रान्त की जागरूक साहित्यिक सस्थाओ को व अकादमी को अभी और आगे की यात्रा तय करनी है। न केवल साहित्य वल्कि प्रदेश भर की समृद्ध वोलियो के उत्थान के लिये भी अभी

बहुत कुछ होना है। लोक साहित्य, जन साहित्य एवं संवर्द्धन हेतु अकादमी अपने भावी दायित्व की ओर पूर्ण सजग है और रहेगी।

यह अनुदान संस्थाओं के कार्यों को देखते हुए यद्यपि कुछ नहीं है, पर अकादमी का यह केवल सहायता का टोकन मात्र है। हमारा संकल्प है और बड़ी सदाशयतापूर्ण संकल्प है कि आगामी वर्षों में यदि सरकार ने अकादमी के अनुदान मे वृद्धि की तो हम अकादमी परिवार से जुड़ी सभी संस्थाओं को और अधिक अनुदान में सक्षम हो सकेंगे। यही नहीं, प्रांत की अनेक संस्थाएं अकादमी से जुड़ना चाहती हैं पर सरकार द्वारा प्रदत्त इस सीमित अनुदान के कारण हम उन संस्थाओं को अकादमी से संबद्ध करने में स्वयं को अशक्य पाते हैं। अकादमी से सम्बद्ध एवं अब तक सहायता प्राप्त संस्थायें अग्रांकित है —

•

खण्ड दो

अकादमी प्रकाशन

पत्र पत्रिकायें
नीति व सहायता

प्रकाशन

प्रकाशन-नीति

राजस्थान साहित्य अकादमी की स्थापना से लेकर आज तक की प्रकाशन-नीति का आधारभूत स्तंभ यही रहा है कि प्रांत के नूतन-पुरातन, प्रतिष्ठित, प्रगतिवान लेखकों की कृतियाँ अधिक से अधिक रूप में अकादमी के प्रकाशन क्षेत्र में प्रतिष्ठित हों। किसी भी स्वायत्त संस्थान के लिये उसकी अपनी स्वतन्त्र नीति व क्रिया पद्धति का होना परमावश्यक होता है। साहित्यकारों के वृहत्तर परिवार के सम्मुख स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् प्रकाशन के क्षेत्र में अनेक समस्याओं तथा साधनों के अभाव के कारण इस क्षेत्र की व्यावसायिक प्रतियोगिता का सामना करना अत्यन्त कठिन है। अकादमी अपने सीमित आर्थिक साधनों के कारण यद्यपि उन्हें अपेक्षित राहत नहीं दे पाई है, परन्तु फिर भी राजस्थान के हिन्दी, राजस्थानी, संस्कृत व उर्दू के जिन लेखकों को अकादमी प्रकाशन के दायरे में ला पाई है, आने वाला कल ही उसका सही मूल्यांकन कर पायेगा।

अकादमी की प्रकाशन-नीति गत्यात्मक रही है। इस गत्यात्मकता को हम चार भागों में बाँट सकते हैं

(१) चारों भाषाओं की विविध विधाओं के संकलन।
(२) ग्रन्थावलियों का प्रकाशन
(३) शोध प्रबंध
(४) लेखकों की स्वतन्त्र कृतियाँ
(५) अनुवाद कार्य

अकादमी अब तक ८० ग्रन्थ प्रकाशित कर चुकी है। जिनकी सविवरण सूची अग्रांकित है

राजस्थान साहित्य अकादमी (संगम), उदयपुर
के
साहित्य प्रकाशन

हिन्दी-साहित्य

क्र० सं०	कृतियाँ	कृतिकार	मूल्य
१	राजस्थानी वेलि-साहित्य (हिन्दी-शोध)	डा० नरेन्द्र भानावत	११-००
२	हाडोती बोली और साहित्य (हिन्दी-शोध)	डा० कन्हैयालाल शर्मा	१५-००
३	राजस्थान के लोकगीत (प्रथम खड-हिंदी-शोध)	डा० स्वर्णलता अग्रवाल	१२-००
४	साहित्य के मान और मूल्य	अकादमी का उपनिषदीय सकलन	४-५०
५	पूर्ण कलश	स्व० डा० रांगेराघव	२-७५
६	ऋग्वेद का सामाजिक सास्कृतिक और ऐतिहासिक सार	स्व० विश्वेश्वरनाथ रेऊ	६-००
७	अभिसार निशा	श्री रामगोपालविजयवर्गीय	२-२५
८	मधुरजनी	डा०रामगोपाल शर्मा दिनेश	४-००
९	हरनाथ ग्रन्थावली	प० हरनाथ	२४-००
१०	राजस्थान के नाटककार	स० डा० रामचरण महेन्द्र	५-७५
११	राजस्थान के कहानीकार	सं० डा० रामचरण महेन्द्र एव याढवेन्द्र शर्मा चन्द्र	६-००
१२	राजस्थान के गद्य-काव्यकार	स० डा० रामचरण महेन्द्र	९-००
१३	राजस्थान के कवि (भाग१)	सं० नद चतुर्वेदी	१०-००
१४	राजस्थान के कवि (संस्कृत)	सं० स्व० पुरुषोत्तम शर्मा एव लक्ष्मीनारायण पुरोहित	४-५०

राजस्थानी-साहित्य

१५	जूनौं जीवता चितराम	श्री मुरलीधर व्यास मोहनलाल पुरोहित	३ ७५
१६	बानगी	श्री भँवरलाल नाहटा	४-५०
१७	राजस्थान के कहानीकार	स० दीनदयाल ओझा	३-७५
१८	राजस्थान के कवि(भाग२)	स० रावत सारस्वत	३-७५
१९	राजस्थानी वचनिकायें	स० आलमशाह खान	४-७५
२०	राजस्थानी एकाकी	स० गणपतचन्द्र भडारी	५-७५
२१	राजस्थानी निबंध-संग्रह	स० कु० चन्द्रसिंह	३-७५
२२	शकुंतला	अनु० गिरिधरलाल शास्त्री	४-००
२३	गीतांजली	अनु०रामनाथ व्यास परिकर	२-५०
२४	रवि ठाकर री वातां	अनु० रानी लक्ष्मीकुमारी चूण्डावत	३-२५
२५	रवीन्द्र पद्य कथा	अनु० मदनगोपाल शर्मा	१-५०
२६	चित्रांगदा	अनु० कु० चन्द्रसिंह	१-००
२७	बंसरी	अनु० रावत सारस्वत	१-५०

बाल साहित्य

२८	डा० चम्पक और मचलू	श्री मनोहर वर्मा	२-५०
२९	अद्भुत नगर	श्रीमती शान्ता गुप्ता	३-००
३०	हमारे चौपाये	श्री महावीर सिंहल	२-००
३१	नौनिहालों के गीत	डा० हरीश	२-५०
३२	टाबरां री वातां राज०	रानी लक्ष्मीकुमारी चूण्डावत	२-२५

उर्दू-साहित्य

३३	पलक की तलवारें	स० ए० एफ० उस्मानी	३ ००
३४	राजस्थान के मौजूदा उर्दू शायर	स० प्रेमशंकर श्रीवास्तव	१४-००

शीघ्र प्रकाश्य कृतियाँ (सत्र ६६-६७ में प्रकाशनार्थ स्वीकृत)

१	कांपती सिहर रेखाएँ (कहानी)	श्री धर्मेन्द्र उपाध्याय
२	गीतों का क्षण (काव्य)	श्री अभिमन्यु शर्मा
३	कविताएं (काव्य)	श्री रमेशकुमार शील
४	सांझ उतरी (काव्य)	श्री श्याम शाण्डिल्य
५	एक मरण धर्मा और अन्य (काव्य)	श्री ऋतुराज
६	राजस्थानी बात साहित्य (समालोचना)	डा० पूनम दइया
७	राजा राणी (राज० अनुवाद)	अनु० श्री मनमोहन झाबनिया

मुद्रणाधीन कृतियाँ

१	मोरपांख (काव्य)	श्री ओंकार पारीक
२	परिप्रेक्ष्य (समीक्षा निबन्ध)	श्री रणजीत
३	मेरी औपन्यासिक मान्यताएँ और डा० रांगेय राघव के उपन्यास (आलोचना)	डा० देवराज उपाध्याय
४	ये बदरंग क्षण (कहानी)	श्री यादवेन्द्र शर्मा "चन्द्र"
५	धोरा री धोरी (उपन्यास)	,, श्रीलाल नथमल जोशी
६	लाडेसर (कहानी)	,, बैजनाथ पँवार
७	घूमरे (संकलन)	,, मुरलीधर व्यास ,, मोहनलाल पुरोहित
८	धुँआँ उठ रहा है (काव्य)	,, गंगाराम पथिक
९	पाठकों के नोट (समीक्षा-निबन्ध)	,, जगदीश वोरा
१०	वृहत्तर भारत (हिन्दी अनुवाद)	,, अनु० सोमनाथ गुप्ता
११	संस्कृत कथा कुंजम् (कथा संकलन)	श्री गणेशराम शर्मा ,, रामकिशोर व्यास

१२ सबा ग्रन्थावली
(काव्य सकलन) „ अवतार नारायण बहादुर
१३ राजस्थानी लोकगीत
(द्वितीय खड शोध) डा० स्वणलता अग्रवाल
१४ कोपल चहक गई (कहानी) श्री मनोहर वर्मा

अकादमी की पत्र पत्रिकाएँ

राजस्थान साहित्य अकादमी राजस्थान के लेखका की रचनाओ को प्रतिष्ठा दिलाने के काय में सदैव प्रयत्नशील रही है। पत्र पत्रिकाओ के माध्यम स लेखको का सामयिक प्रकाशन व प्रतिष्ठा दिलाने की दृष्टि से अकादमी सन् १९६० से पत्रिका प्रकाशन क क्षेत्र म "मधुमती" का प्रकाशन कर रही है। यह पत्रिका अप्रेल सन् १९६० से १९६५ तक त्रैमासिक रूप मे व अप्रेल १९६५ ई० से मासिक रूप मे नियमित प्रकाशन-पथ पर अग्रसर है। त्रैमासिक "मधुमती" के समस्त अक विविध विधाओ के विशेष महत्त्व की दृष्टि मे पाठका एव समालोचको के लिये सग्रहणीय सिद्ध हुए ह। त्रैमासिक "मधुमती" के सम्पादक परिवार मे डा० मोतीलाल मनारिया, डा० सोमनाथ गुप्ता, श्री ज्ञान भारिल्ल तथा श्री शान्तिलाल भारद्वाज "राकेश" रहे ह। काव्यागा का सम्पादन श्री नन्द चतुर्वेदी, श्री कृष्ण वल्लभ शर्मा, श्री शान्तिलाल भारद्वाज "राकेश" तथा श्री प्रमशकर श्रीवास्तव ने किया। मधुमती त्रैमासिक के सम्पादका के रूप मे इन साहित्यकारो की सेवाये अपना विशिष्ट महत्त्व रखती हैं। त्रमासिक "मधुमती" के कतिपय तथ्य अग्राकित है—

१—"मधुमती" त्रैमासिक के कुल प्रकाशित अक १४ अक १५ जिल्दें
२—'मधुमती' त्रमासिक सयुक्ताक ६
३—'मधुमती" त्रमासिक कुल प्रकाशित पृष्ठ २४४९ [दो हजार चार सो चौरानवे]

४—"मधुमती" त्रैमासिक विशेषांक— आठ

१—रवीन्द्र विशेषांक
२—उपनिषद् अंक भाग १
३— ,, ,, २
४— ,, ,, ३
५—एकांकी नाटक विशेषांक
६—कहानी विशेषांक
७—काव्यांक,
हिन्दी, राजस्थानी
और उर्दू के ६६
कवियों की रचनाओं
का संकलन
८—कहानी अंक

५—"मधुमती" त्रैमासिक में कुल प्रकाशित रचनाएं :

१— लेख	२३०
२— कविताएँ	१७८
३— कहानियाँ	७३
४— एकांकी एवं नाटक	३१
५— गद्य-गीत	१५
६— स्कैच	५
७— संस्मरण	१
	५३३

६— "मधुमती" त्रैमासिक में प्रकाशित राजस्थान के साहित्यकार — ९३.४८ प्रकाशित

७— मधुमती त्रैमासिक में प्रकाशित अन्य प्रांतों के साहित्यकार — ६.५२ ,,

"मधुमती" के प्रकाशन का द्वितीय चरण अप्रेल १९६५ ई० से नियमित मासिक के रूप में श्री शान्तिलाल भारद्वाज "राकेश" के कुशल सम्पादन से प्रारम्भ हुआ। इस पत्रिका की

बढ़ती हुई लोकप्रियता ने अकादमी को देश व प्रदेश के लेखक परिवार की निकटता, साज य व सहयोग का वैशिष्ट्य प्रदान किया है । अकादमी के पत्रिका-प्रकाशन की यह उज्ज्वल परम्परा अभी जुलाई-अगस्त ६७ मे प्रकाशित अपने "भारतीय बाल साहित्य विवेचन विशेषाक" के माध्यम से अखिल भारतीय स्तर पर चर्चित होने का श्रेय इसके अतिथि-सम्पादक श्री मनोहर वर्मा के परिश्रम व सूझ बूझ के बल पर ही प्राप्त कर सकी है । राजस्थान व देश के पत्रिका परिवार मे "मधुमती" का आज अपना स्थान है । मात्र यही कहना पर्याप्त है कि इस पत्रिका ने राजस्थान के लेखको की प्रतिभाओ को आदर दिया है और अपने कर्तव्य एव दायित्व को निभाने की दिशा मे नियमित प्रकाशन व साम्मानिक की व्यवस्था द्वारा साहसिक पहल की है । साहित्य सेवियो के सम्मुख हम अप्रेल ६५ स नवम्बर ६७ तक के ३० अको (दो सयुक्ताको सहित) का सक्षिप्त तथ्य विवरण प्रस्तुत कर रहे है

अप्रेल ६५ से नवम्बर ६७ तक "मधुमती" के विविध स्तम्भो मे प्रकाशित सामग्री की एक झाँकी ।

कुल प्रकाशित सामग्री

० निबन्ध	१२०
० शोध-आलेख	५८
० कवितायें	१८८
० कहानियाँ	११८
० विचार विमर्श परिचर्चा आदि	२६
० वे दिन वे लोग (जीवनियाँ)	१६
० राजस्थली राजस्थानी भाषा म लेख, काव्य आदि	५६

उपर्युक्त सामग्री प्रकाशन अनुपात मे राजस्थान के ५० प्रतिशत से अधिक साहित्यकार प्रकाशित हुये हैं ।

"मधुमती" मासिक में प्रकाशित अप्रैल ६५ से नवम्बर ६७ तक लेखकों को पारिश्रमिक स्वरूप १६,२३५-०० (सोलह हजार दो सौ पैंतीस रुपये) की राशि का भुगतान किया गया है ।

नखलिस्तान

उर्दू भाषा एव साहित्य जगत् मे विकासमान दिशा मे अकादमी त्रैमासिक मुख–पत्रिका "नखलिस्तान" उर्दू लिपि मे प्रकाशित करती है । "नखलिस्तान" के अबतक ५ अ क प्रकाशित हो चुके है । आगामी अ क "राजस्थान विशेषाक" प्रकाशित होगा तथा उसकी तैयारियाँ कार्यालयस्तर पर की जा रही हैं । अवतक के प्रकाशित समस्त अ को मे देश भर के प्रतिष्ठित और नामवर उर्दू साहित्यकारो का योगदान शामिल रहा है । इसके प्रकाशन मे साहित्य की समस्त विधाओ को सम्मिलित किया गया है तथा राजस्थान की पुरानी पीढी के साहित्यकारो के साथ–साथ प्रात के नव-बोध के प्रतिभावान साहित्यकारो और उनकी नई कद्रो का भी विशेषत ध्यान रखा गया है । इस पत्रिका के प्रकाशन से प्रात के उर्दू-जगत मे काफी अच्छा प्रभाव भी पडा है तथा जागरूकता आई है ।

राजस्थान मे कोई उर्दू का प्रेस न होने के कारण तथा अन्य प्रान्तो मे प्रेस-सम्बन्धी कार्यवाही के विषय मे अन्य राज्यो से डिक्लेरेशन प्राप्त करने से लेकर प्रेस मे काम लेने तक जितनी कठिनाईयाँ पेश आई है, उनके कारण यद्यपि प्रकाशन की

नियमितता में गतिरोध उत्पन्न हुआ है, फिर भी अकादमी भविष्य में इस दिशा में सतत है और सिलसिले में प्रयत्नशील है।
"नखलिस्तान" का संक्षिप्त विवरण अग्रांकित है

(क) प्रधान सम्पादक — प्रो० प्रेमशंकर श्रीवास्तव
(ख) सहयोगी सम्पादक — श्री फजलुल मतीन
(ग) प्रबन्ध सम्पादक — ,, आबिद हुसैन अदीब

२— प्रथम अंक अप्रेल एवं जुलाई ६४ (संयुक्तांक रूप में प्रकाशित

३— अब तक प्रकाशित — ५ अंक
४— कुल प्रकाशित पृष्ठ — ४२१
५— कुल प्रकाशित सामग्री

(क) मजामीन (निबंध आदि)	२७
(ख) नज्में	३६
(ग) गजलें	५१
(घ) कहानियाँ	१२
(च) एकांकी	१
कुल	१२७

'नखलिस्तान' में प्रकाशित रचनाओं में राजस्थान और अन्य प्रान्तों के साहित्यकारों का बराबर का अनुपात रहा है। इस सम्बन्ध में यह नीति विशेषत रही कि राजस्थान के साहित्यकारों को अखिल भारतीय स्तर के ख्याति प्राप्त साहित्यकारों की पंक्ति में ला खड़ा किया जाए और इस प्रयोग के आधार पर स्पष्ट है कि यह एक अच्छा प्रयत्न रहा है।

"नखलिस्तान के समस्त लेखकों को अबतक पारिश्रमिक स्वरूप १११५)रु० (एक हजार एक सौ पन्द्रह रुपये) की राशि भुगतान की जा चुकी है।

अकादमी के सूचना-पत्रक

राजस्थान साहित्य अकादमी कार्यालय से समय-समय पर सरस्वती सभा, संचालिका समिति, विभागों, महत्त्वपूर्ण

समितियों तथा विशेष समारोहों आदि की उपलब्धियां, नीति निर्णयों व कार्यालयीय-कार्य-वर्णन योजनाओं की जानकारी राजस्थान भर के लेखकों तक विवरण-पत्रिका विभिन्न विज्ञप्तियों, पत्रदूतों एवं वार्षिक विवरणों के माध्यम से दी जाती रही हैं। यह स्फुट सूचना प्रकाशन-परम्परा लेखक परिवार के अकादमी से निकट सम्पर्क में रह पाने का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ है। आर्थिक सीमाओं के कारण इनका नियमित प्रकाशन समयबद्धरूपेण नहीं हो पाया। अकादमी इस बारे में सदैव सजग व सचेष्ट रही है कि लेखकों तक अकादमी का आह्वान सतत रूप से गतिवान रहे। अब तक अकादमी ने १००० से ऊपर स्फुट सूचना-पत्रक प्रकाशित तथा प्रसारित किये हैं।

अधिकार शुल्क (रायल्टी)

राजस्थान साहित्य अकादमी अपने निजी प्रकाशनों के लेखकों, संग्रहकर्त्ताओं, अनुवादकों एवं सम्पादकों को पारिश्रमिक स्वरूप नियमानुसार रायल्टी देती है। रायल्टी के नियम अकादमी की स्वायत्ता के पूर्व व पश्चात् समय-समय पर पुनर्निर्धारित होते रहे हैं।

दिनांक ३० अप्रेल १९६५ को सरस्वती सभा के निर्णय स० ३३ द्वारा रायल्टी का अधोंकित निर्णय वर्तमान प्रणाली में है —

अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों में मौलिक कृतियों पर प्रथम संस्करण के लिये छपाई गई कुल पुस्तकों का (प्रकाशित-पुस्तक-मूल्य के आधार पर) कुल धनराशि का (छपाई गई कुल पुस्तकों का १० प्र० श० पुस्तकों को नियमानुसार सम्मिलित न करते हुए) ५ प्रतिशत अग्रिम पारिश्रमिक के रूप में लेखक को पुस्तक प्रकाशित होते ही दे दिया जाए और उसके प्रथम संस्करण के बिकने के पश्चात् १० प्रतिशत रायल्टी तथा अन्य संस्करणों पर बिकने के पश्चात् १५ प्रतिशत रायल्टी दी जाए। अनुवादों पर भी ५ प्र० श० के रूप में अग्रिम दे दिया जाए, इसी नीति व पद्धति के अनुसार।

तथ्य सकेत

अब तक अकादमी १६ पुस्तकों पर अग्रिम रायल्टी के रूप में रु० ७३०२–५४ पैसे (सात हजार तीन सौ दो रुपये चौवन पैसे) अनुग्रहित लेखकों को दे चुकी है।

राजस्थान साहित्य अकादमी का सत्रवार प्रकाशन विवरण

वर्ष	प्रकाशनों की सख्या	मुद्रित पृष्ठ
६१–६२	१४	२०८०
६२–६३	२	६८
६३–६४	३	२५५
६४–६५	२	२२६
६५–६६	६	२३६७
६६–६७	८	१५७४
६७–६८		

प्रकाशन बिक्री

वर्ष	राशि
३१–१२–६२ से पूर्व	५५–६०
१ जनवरी से ३१ मार्च ६३	६–३८
६३–६४	१५१–८५
६४–६५	५६–१३
६५–६६	१५३६–७६
६६–६७	२३३७०–६१
६७–६८	
	२५०८०–४३

प्रकाशन सहायता

राजस्थान साहित्य अकादमी राजस्थान के लेखकों के स्वतंत्र प्रकाशन पर जिन्हें लेखकगण अपने निजी खर्च से प्रकाशित करवाते हैं, उन्हें साधन-सुविधा जुटाने तथा प्रोत्साहन के उद्देश्य से आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इस अनुदान की राशि कुल प्रकाशन व्यय का ५० प्रतिशत तक हो सकती है। इस सम्बन्ध में अबतक दिये गये अनुदान का ब्योरा इस प्रकार है

क्रम	पुस्तक	लेखक	अनुदान की राशि
हिन्दी			
१	रक्त-दीप	श्री गणपतचन्द भण्डारी	८०० रु०
२.	युग-स्रष्टा प्रेमचन्द	„ परमेश्वर द्विरेफ	५०० रु०
३.	गीतांजलि	अनु० स्व० डॉ० सुधीन्द्र प्रका० भारतेन्दु समिति, कोटा	६०० रु०
४.	क्षमा कीजिये	श्री त्रिभुवन चतुर्वेदी	२५० रु०
५.	नवरंग	„ रामेश्वर प्रसाद वशिष्ठ	२५० रु०
६.	चूटक्या एव चचउका	„ बुद्धिप्रकाश पारीक	२५० रु०
७.	राजस्थानी साहित्य. एक शताब्दि	„ शान्तिलाल भारद्वाज "राकेश"	२५० रु०
८.	हम सब अमर है	श्री पूर्णानंद मिश्र	२५० रु०
९	उल्टी गंगा	„ मिश्रीमल जैन "तरंगित"	२५० रु०
१०.	मृत्युञ्जय	, ओंकारनाथ दिनकर	२७० रु०
११	वक्र रेखायें	„ धर्मेश शर्मा	३६५ रु०
१२	अमर सुभाष	„ लालचन्द जैन	३२५ रु०
१३.	सप्तकिरण		——
राजस्थानी			
१४.	गांधी शतक	श्री नाथूदान महियारिया	२००० रु०
१५.	सोनो निपजै रेत मे	„ गजानन वर्मा	८०० रु०
१६.	राधा	„ सत्यप्रकाश जोशी	६०० रु०
१७.	रातवासो	„ नृसिंहराज पुरोहित	२५० रु०
१८	मिमझर	राजस्थानी काव्य संकलन	२५० रु०
१९.	शैतान सुजस (विविध)	श्री सवाईसिंह धमोरा	३५० रु०
२०	दीवा कांपै क्यू	„ सत्यप्रकाश जोशी	२५० रु०
२१	बारह मासा	„ गजानन वर्मा	२५० रु०
२२.	पन्नाधाय	„ डॉ० आशाचन्द भंडारी	१५१ रु०
२३.	झर-झर कथा	श्री करणीदान बारहठ	२०० रु०

२४	मेघमाल	श्री सुमेरसिंह शेखावत	२५० रु०
२५	गौखे ऊभी गौरड़ी	,, मदनमोहन शर्मा	
२६	आर्यासप्रशती (सस्कृत से अनूदित)	,, गजानन्द महता	५०० रु०
२७	जागती जोता	,, गिरधारीसिंह पडिहार	

उर्दू

२८	गुलो-गोहर	श्री अहतरामुद्दीन अहमद शागिल	३०० रु०
२९	शामो-सहर	स० श्री राजेश कुमार "राज"	३७५ रु०

प्रोजेक्ट सहायता

अकादमी अपने सीमित सामर्थ्य मे शोध-कार्यो की यथा-शक्य सहायता करती रही है। हमारा सकल्प सदाशयतापूर्ण है। इस नाते आज यदि हम प्रोजेक्ट पर बजट की सीमाओ के कारण अधिक व्यय नही कर सकते तो भविष्य मे हम इस ओर अवश्यमेव गतिशील रहगे। फिर भी प्रोजेक्ट की राशि अकादमी अनुदान की सरकार द्वारा वृद्धि पर ही निभर है। आज तक अकादमी ने जिन प्रोजेक्टस पर सहायता दी है वे अग्रांकित है

राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा सबद्ध सस्थाओ को प्रोजेक्ट के लिए दी गई सहायता विवरण

१	पृथ्वीराज रासौ कोश हेतु	साहित्य सस्थान, उदयपुर [६२-६३ से ६६ ६७ तक]	१५,००० रु०
२	पाडुलिपियो के केटलागिंग के लिए	राज० शोध सस्थान, जोधपुर को (सस्था सहायता के रूप म)	४००० ०० ६३ ६३ में ५०० रु० ६५-६६ मे २००० रु० ६६-६७ म १५०० रु०
३	लोक साहित्य के प्रकाशन के लिए ६६-६७ मे	साहित्य समिति, बिसाऊ (सस्था सहायता के रूप मे)	९००-००

पत्र-पत्रिकाओं को अधिक अनुदान

प्रदेश में श्रेष्ठ साहित्य के प्रकाशन-प्रसारण की दिशा में मूल्यवान सृजन एवं विकास के उद्देश्य से सृजनात्मक एवं शोध सम्बन्धी तथा साहित्यिक पत्रिकाओं को अकादमी आर्थिक सहायता प्रदान करती है। यह हर्ष व गर्व का विषय है कि पत्रिकाओं के सम्पादक एवं संस्थाओं के संचालक अपने सत्प्रयत्नों से राह की कठिनाइयों एवं अर्थाभाव का सामना करते हुए भी हिन्दी, उर्दू, राजस्थानी व संस्कृत भाषा व साहित्य के शोधकर्ताओं व सर्जकों की नूतन-पुरातन कृतियों का इन पत्रिकाओं द्वारा प्रकाशन करते आ रहे हैं। अकादमी इन्हें अपनी सीमाओं के अनुसार यथासम्भव सहायता दे रही है।

खण्ड तीन

अकादमी की विचार गोष्ठियाँ

अकादमी की विचार-गोष्ठियाँ दृष्टि और दिशा

सृजन व चिंतन का मेल अन्योन्याश्रित है। अकादमी राज्य की शीर्ष साहित्यिक सस्था होने के नाते इस ओर सदैव पूर्ण सचेष्ट रही है कि जिससे देश प्रदेश की प्राच्यार्वाचीन साहित्यिक विचार-धाराओ, चिन्तन प्रणालियो एव युग-युगीन धारणाओ पर प्रात के उदीयमान व प्रतिष्ठित साहित्यकार, साहित्यिक समारोहो के माध्यम मे समय-समय पर देश के प्रबुद्ध साहित्य चिन्तको, कृतिकारो एव समीक्षको से मिले-जुले निर्धारित विषयो पर परिचर्चात्मक स्तर पर ज्ञानानुशीलन करें।

अकादमी के ये पिछले १० वर्ष प्रात मे वैचारिक व चैतनिक क्षेत्र मे परम्परा व प्रयोग की दृष्टि से अपना बौद्धिक परिवार विस्तृत करने म पूर्ण गत्यात्मक रहे हैं। पर्याप्त सख्या मे पठित निबन्धो, सदर्भ सामग्रीजन्य विशिष्ट, विवरणो एव प्रचार-प्रसार एव प्रकाशनो का समीचीन विवेचन तुलना व तारतम्य की दृष्टि से अकादमी ने राज्य मे अनेक सगोष्ठियाँ एव उपनिषद् किए हैं। अकादमी द्वारा अद्यावधि स्वतन्त्र अथवा सस्थाओ द्वारा सह-सयोजित लगभग ४० विचार गोष्ठिया की जा चुकी हैं। यदि कभी इस दिशा मे किसी ने कोई शोध व समीक्षा का काय हाथ म लिया, तो राजस्थान के साहित्यकारो एव विचारको के सम्मुख उपलब्धि, प्रयोग सिद्धि, व्यापक प्रभाव (विचार चिन्तन व सृजन के क्षेत्र मे) एक नये क्षितिज के आयाम सामने आयेंगे।

आज राजस्थान से बाहर के साहित्यिक क्षेत्रो म सम्मिलित हुए अनेक साहित्यकारो व चिन्तको के मन पर यह छाप अकित है कि जहा एक ओर राजस्थान का परम्परागत समृद्ध साहित्य और उसके काय मे जुटे सृजक व शोधक नये मान मूल्यो को अपनाते हुए प्राचीन साहित्य व सस्कृति की रक्षा कर रहे है, वही दूसरी ओर नई पीढी के उदीयमान रचनाकारो की विचारधारा

कही कुण्ठाग्रस्त नही है और न उनका चिन्तन ही नर्ताभूत है। इस प्रकार दोनो पीढ़ियां अबाध गति से अपने सृजन-कर्म में रत हैं।

स्वतन्त्रता प्राप्ति से पूर्व और पश्चात् राजस्थान का साहित्यकार एकतंत्रराज की लम्बी रूढ़िवादी व्यवस्था से मुक्त होकर स्वतंत्रता के २० वर्षों के इस अर्द्ध दशक से अपने चैतन्य और गौरव की रक्षा, वैचारिक प्रबुद्धता की संरक्षा व आत्मसमीक्षा के धरातल पर अपने को मुक्त पा रहा है, शेष बन्धनों से मुक्ति पाने को आज के युग की संक्रमणशील स्थितियों में भी वह विवेक और भावना का सम्बोध सँजोये हुए है। (संलग्न तालिका देखें)

इन सभी सगोष्ठियों के अतिरिक्त अकादमी ने अपनी सम्बद्ध संस्थाओं में अनेक उपलब्धिमूलक उपनिषद् एवं सेमीनार भी आयोजित करवाये हैं। इन उपनिषदों और सेमीनारों द्वारा चिन्तन के नये क्षितिज सामने आये हैं और राजस्थान के साहित्यकारों को एक कार्यकारी स्तर मिला है। अकादमी द्वारा आज तक हुए इस तरह के उपनिषद् एवं सेमीनार इस प्रकार हैं

अकादमी के आर्थिक सहयोग से आयोजित प्रांत के शैक्षणिक संस्थाओं के उपलब्धिमूलक उपनिषद्

क्रमांक	आयोजन तिथि	संस्थान	गोष्ठी विषय	मुख्यअतिथि	अकादमी सहायता
१	२७,२८,२९, ११–६६	उदयपुर विश्व-विद्यालय उदयपुर	साहित्यिक शोध रूप क्षेत्र पद्धति और समस्याये संयोजक— डा० रामगोपाल शर्मा दिनेश	डा० नगेन्द्र	१००० रु.
२	१८,१९, १२–६६	अन्तर्भारती साहित्य	आधुनिक हिन्दी	अज्ञेय	५०० रु.

विचार-विमर्श के स्तर पर जो
शन भी हो चुका है।

उद्घाटनकर्त्ता	संचालक
ो भवानी प्रसाद मिश्र	डॉ० अचल
, अज्ञेय	श्री अज्ञेय
, काका कालेलकर	डॉ० (स्व०) रांगेयराघव
, जनार्दनराय नागर	श्री मेघराज मुकुल
ॉ० शिवमंगलसिंह सुमन	डॉ० मथुरालाल शर्मा
,, कालूलाल श्रीमाली	,, प्रभाकर माचवे
, नामवरसिंह	,, नामवरसिंह

		एव कला परिषद् अजमेर	उपयास साहित्य की सामाजिक पृष्ठ भूमि तथा दष्टिकोण सयोजक— डा० रामगोपाल गोयल		
३	२५,२६,२७ -२-६७	जोधपुर विश्व-विद्यालय जोधपुर	आधुनिक हिदी साहित्य के विकास मे महाकवि "निराला" का यागदान सयाजक— डा० रामप्रसाद दाधीच	आचाय नददुलारे वाजपेयी	१००० रु

४ साहित्यिक व सास्कृतिक विचार गोष्ठी कायक्रमा के लिये विशेष सहायता स्वरूप प्रिंसिपल सावित्री कन्या महाविद्यालय, अजमेर को ६६-६७ के सत्र मे प्रदान किये गये। ५०० रु

साहित्यकार व धुत्व उदय-वेला

साहित्यकार बधुत्व राजस्थान साहित्य अकादमी की अन्तभारतीय साहित्यिक एकता, महकारिता एव वचारिक भावना के प्रसार की एक महत्त्वपूण योजना है। दिनाक २० । १ ६८ का दिन इस योजना के मांगलिक उदय की स्मृति तिथि है। अकादमी से सम्बद्ध नगर की प्रबुद्ध साहित्यिक सस्थान राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर के प्रागण म स्वतत्रता प्राप्ति के पश्चात इस दिन पहली बार भीलो की परम स्मरणीय एव नसर्गिक सौंदय म अभिमडित

आर राष्ट्र भाषा हिन्दी तथा भारतीय प्रादेशिक भाषाओं के मध्य पारस्परिक विकास तथा प्रगति के लिए काम करता हुआ यह 'बन्धुत्व' भारतीय लेखकों के सहकार एवं सहयोग को उत्पन्न कर उसका विस्तार करने का व्रत ले। बन्धुत्व हेल-मेल और आदान प्रदान के कार्यक्रमों द्वारा भारतीय राष्ट्र की अन्तर्निहित एकता तथा राष्ट्रीय चेतना के प्रसार का कार्य 'बन्धुत्व' का मूलभूत लक्ष्य होगा। 'बन्धुत्व' यह मानता है कि भारतीय राष्ट्र की एकता तथा उसकी राष्ट्रीय चेतना भारतीय साहित्यकारों की मनसा और सर्जन के द्वारा सभव है। भारतीय इतिहास की परम्परा भी यही रही है कि सत, द्रष्टा, क्रान्तिकारी तथा धर्म-संस्थापकों ने आधारभूत राष्ट्रीयता एकता में उसके विविध सांस्कृतिक सौन्दर्य और शौर्य द्वारा अवगाहन किया है। भाषाओं और बोलियों की विभिन्नता, प्रथाओं तथा परम्परा की बहुलता रहते हुए भी भारतीय जाति की बद्धमूल एवं आध्यात्मिक चैतन्य में परिपूर्ण एकता का स्वप्नदृष्टा और स्वप्नसेविओं ने सदैव अक्षुण्ण और निरन्तर बनाए रखने का प्रयास अपने त्याग, तपस्या और साधना द्वारा किया है।

बन्धुत्व की दीप-शिखा गुजरात के प्रांगण में

२६, २७ दिसम्बर सन १९६४ निःसन्देह गुजर-राजस्थान साहित्यकार बन्धुत्व समारोह के मधुमती भूमिका के रूप में दाना प्रदेश की साहित्यिक स्मृति में सदैव अक्षुण्ण निधि बना रहेगा। साहित्यकार बन्धुत्व की प्रगति यात्रा सौराष्ट्र साहित्य संगम के स्नाब्दि समारोह के अवसर पर सम्पन्न हुई।

